# लक्ष्य से चार माह पहले बनायें एसएसएफ द्वितीय वाहिनी का भवन

- सीएम योगी ने गोरखपुर में किया यूपी एसएसएफ द्वितीय वाहिनी के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण
- जून के बाद बारिश का होगा प्रभाव इसलिए काम में लायें तेजी, मशीनरी का उपयोग बढ़ायें : मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार शाम गोरखपुर में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपी एसएसएफ) की द्वितीय वाहिनी के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जून माह के बाद बारिश से निर्माण कार्य प्रभावित होता है इसलिए लक्षित अवधि अक्टूबर 2026 से चार माह पूर्व ही इसे पूरा करने पर जोर दें। एसएसएफ द्वितीय वाहिनी के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले इसके मॉडल का अवलोकन किया और इसके बाद निर्माण स्थल पर जाकर भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अफसरों से वाहिनी के विभिन्न आयामों, व्यवस्थाओं, क्षमता, कार्य में लगे मैनपॉवर, भौतिक प्रगति की जानकारी ली। अफसरों ने बताया कि इसकी कुल क्षमता एक हजार की है और निर्माण की भौतिक प्रगति अब तक दस प्रतिशत है। अभी पांच सौ लोग काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सबसे बड़े बहुमंजिला भवन के अलावा अन्य कार्य 31 अक्टूबर 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि काम को और तेज करिए। जून के बाद बरसात शुरू हो जाती है और ऐसे में अक्टूबर 2026 तक का लक्ष्य हासिल करने में बाधा आएगी। सीएम योगी ने निर्देशित किया कि मशीनरी का उपयोग बढ़ाकर काम तेज करें। कोशिश होनी चाहिए कि अक्टूबर 2026 की बजाय जून 2026 तक ही प्रशासनिक भवन, बैरक और अन्य जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर तैयार हो जाए।

यूपी एसएसएफ द्वितीय वाहिनी के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से कार्य में आ रही परेशानी के बारे में भी पूछा। अधिकारियों ने कहा कि लो लैंड होने के चलते भराई के लिए मिट्टी मिलने की दिक्कत हो रही है। इस पर सीएम योगी ने डीएम दीपक मीणा को बुलाया और निर्देश दिए कि आसपास नाला और नदी की ड्रेजिंग कराकर शीघ्रता से मिट्टी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को भी निर्देशित किया कि मिट्टी की अंतिम भराई से पहले मैक्सिमम फ्लड लेवल की जांच जरूर करे लें।

ताल जहदा क्षेत्र की जमीनी साथ नीची होने को लेकर जलभराव की समस्या का अभी से समाधान कराने के लिए भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने डीएम से कहा कि मानीराम तटबंध पर रेगुलेटर के पास पंपिंग स्टेशन बनाया जाए।

मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान पिपराइच के विधायक महेंद्रपाल सिंह, गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह, सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल, प्रशासन, पुलिस और कार्यदायी संस्था के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

गोरखपुर में गठित एसएसएफ की दूसरी बटालियन के लिए ताल जहदा में 50.157 हेक्टेयर क्षेत्रफल में करीब 343 करोड़ रुपये की लागत से आवासीय और अनावासीय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। आवासीय भवनों के लिए योगी सरकार ने 186 करोड़ 33 लाख 43 हजार रुपये तथा अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 156 करोड़ 39 लाख 89 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। कार्यदायी संस्था के रूप निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड (भवन) द्वारा कराया जा रहा है।

ताल जहदा में यूपी एसएसएफ द्वितीय वाहिनी का भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त और हाईटेक होगा। इसके परिसर में लिफ्ट युक्त टाइप ए तथा बी (ग्राउंड प्लस 13 फ्लोर) और टाइप फोर व फाइव के बहुमंजिला भवन बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा लिफ्ट युक्त प्रशासनिक भवन (ग्राउंड प्लस 4 फ्लोर), क्वार्टर गार्ड, पार्किंग, संतरी पोस्ट, अस्पताल, इंडोर जिम, डॉग कैनेल, टॉयलेट ब्लॉक और 400 की क्षमता का बैरक बनाया जाएगा। यहां सलामी मंच के साथ भव्य परेड ग्राउंड का विकास भी होगा। सभी आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के साथ इसके परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का भी इंतजाम होगा। निर्माण कार्य 21 जून 2024 को शुरू हुआ था और टॉवर ए और बी के अलावा इसे 31 अक्टूबर 2026 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। टॉवर ए और बी के निर्माण पूर्ण करने की समय सीमा 30 मार्च 2027 है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सितंबर, 2020 में न्यायालयों, प्रमुख धार्मिक स्थलों, प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल का गठन किया था। जिसके बाद जून, 2021 में यूपी एसएसएफ की पांच वाहिनी गठित की गई थीं, जिनमें लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा व सहारनपुर शामिल हैं। इसके बाद छठवीं वाहिनी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा के लिए गठित की गई। गोरखपुर के लिए गठित एसएसएफ की द्वितीय वाहिनी गोरखपुर और कुशीनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा रही है। एसएसएफ की द्वितीय वाहिनी अभी अपना कामकाज गोरखपुर के पीएसी कैम्पस से कर रही है।

योगी सरकार यूपी एसएसएफ द्वितीय वाहिनी के भवन तक दो किमी लंबी एप्रोच सड़क भी बनवा रही है। इसके निर्माण पर 23.73 करोड़ रुपये की लागत आएगी। लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड तीन द्वारा 18 मार्च 2025 से शुरू इसके निर्माण की भौतिक प्रगति 30 प्रतिशत है। इस एप्रोच मार्ग के मार्च 2026 में बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद है।

## दीपक सिंह के घर मांगलिक कार्यक्रम में पहुंचे सीएम, बहन को दिया आशीर्वाद



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को पीपीगंज क्षेत्र के ग्राम मखनहा टोला झगरहां में दीपक सिंह के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मंगलवार को परिणय सूत्र बंधन में बंधने जा रही दीपक सिंह की बहन दीपलता को आशीर्वाद और सभी परिजनों को शुभकामनाएं दीं। सोमवार दोपहर बाद पहुंचे मुख्यमंत्री ने दीपक सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें वैवाहिक समारोह की बधाई दी। उन्होंने सोमवार को हल्दी की रस्म निभा रही परिवार की बिटिया दीपलता को आशीर्वाद और उपहार प्रदान किया और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री के आगमन पर दीपक सिंह और उनके परिजनों ने स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह, पूर्व प्रमुख गोरख सिंह और अनेक स्थानीय गणमान्यजन भी उपस्थित रहे।

## महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान को लेकर विशेष अभियान




इटावा। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन मिशन शक्ति के विशेष अभियान के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दिशा निर्देश निर्गत किये गये है। उक्त निदेशों के अनुपालन में बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजनान्तर्गत कन्याजन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला महिला चिकित्सालय में अजय कुमार गौतम, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 20 नवजात कन्याओं के उपयोग हेतु बेबीकिट व धात्री महिलाओं विनीता, अनामिका, ज्योति पटेल, प्रियंका आदि को ड्राई फ्रूट व फल, तथा जन्म प्रमाण पत्र वितरण किये गये। नवजात कन्या के जन्म पर मुख्य विकास अधिकारी एंव कन्या राजिशा द्वारा केक काटकर बेटी का जन्मदिन मनाया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नवजात कन्याओं को प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड तथा जन्म प्रमाण पत्र तत्काल उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला, डा. पारितोष शुक्ला मुख्य चिकित्सा अधिकारी पुरुष तथा जिला प्रोबेशन कार्यालय से अक्षय वर्मा, कनिष्ठ सहायक द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा महिलाओं, बेटियों को मिशन शक्ति के विशेष महत्व के बारे में अवगत कराया तथा बेटियो के हित में संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना आदि का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु योजनाओं के पैम्पलेट वितरण कराया।

## एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों की बैठक




इटावा। मतदेय स्थल एवं एसआईआर से सम्बन्धित राजनैतिक दलों के साथ जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। मतदेय स्थल के संशोधन प्रस्ताव का आलेख 10 नवम्बर को किया गया था, जिसपर मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों, सांसदगण व विधायकगणों से सुझाव एवं अभिलेख शिकायत प्राप्त करने के लिए 15 नवम्बर तक का समय दिया गया था, जिसपर प्राप्त दावे आपत्तियों के निस्तारण उपरांत अंतिम रूप दिए जाने हेतु बैठक की गई, जिसपर जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में किसी भी पार्टी के द्वारा लिखित रूप में कोई भी मतदेय स्थल के सम्बन्ध में शिकायत एवं सुझाव प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके आधार पर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। 199 जसवंतनगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव के द्वारा चार मतदेय स्थलों के मतदाताओं का 1200 से अधिक होने का जिक्र करते हुए मतदेय स्थल बनाने का सुझाव दिया गया, जिसकी जांच उप जिलाधिकारी, ईआरओ द्वारा कराई गई, जिसमें उपरोक्त मतदेय स्थलों पर 1200 से कम मतदाता पाए गए, इसलिए शिकायत का निस्तारण करते हुए आख्या प्रस्तुत की गई। बैठक में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की कि सभी राजनैतिक दलों के द्वारा कार्य में सहयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि फॉर्म 6 बीएलओ के द्वारा दिया जाए, जो मतदाता 18 साल पूर्ण कर रहे हैं। बैठक के दौरान उदयभान सिंह वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी, प्रदीप शाक्य अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, आशुतोष दीक्षित जिलाध्यक्ष कांग्रेस, मो. राशिद शहर अध्यक्ष कांग्रेस, वाचस्पति द्विवेदी प्रवक्ता कांग्रेस, अंकुर गुप्ता जिलाउपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी, मोनू यादव जिला कमेटी सदस्य माकपा, अखिलेश वर्मा प्रधान प्रतिनिधि सांसद समाजवादी पार्टी, सतेन्द्र राजपूत जि.का.स. भाजपा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक संदीप कुमार श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, उप जिलाधिकारी न्यायिक दीप शिखा, सहायक निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सहित समस्त राजनैतिक दल आदि उपस्थित रहे।

## सुनिश्चित हो फोरलेन सड़क और आबादी क्षेत्र की जलनिकासी :योगी

- निर्माणाधीन बालापार-गांगी बाजार फोरलेन का सीएम योगी ने किया स्थलीय निरीक्षण
- 838.05 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा 16.15 किमी लंबे फोरलेन सड़क का निर्माण
- मुख्यमंत्री ने कहा – मैनपॉवर बढ़ाकर तेजी से कराएं कार्य, अगस्त की बजाय जून तक पूरा करें



गोरखपुर। तेरह दिन पहले गोरखपुर में रोड कनेक्टिविटी की निमार्णाधीन तीन प्रमुख परियोजनाओं का स्थलीय जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार (17 नवंबर) को एक बार फिर एक महत्वपूर्ण निमार्णाधीन फोरलेन परियोजना की जमीनी हकीकत देखी। सोमवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री ने बालापार-टिकरिया-गांगी बाजार फोरलेन के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फोरलेन सड़क और इसके आसपास के गांवों की आबादी की जलनिकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फोरलेन सड़क के किनारे बन रहे नाले की लेवलिंग का ध्यान रखें ताकि सड़क ही नहीं, आसपास के गांवों का पानी आसानी से इसके जरिये निकल जाए।

838.05 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फोरलेन का निर्माण इसी साल फरवरी माह में शुरू हुआ था और अगस्त 2026 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है। कुल 16.15 किमी की लंबाई वाले बालापार-टिकरिया-गांगी बाजार फोरलेन सड़क का निर्माण कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग खंड-तीन द्वारा कराया जा रहा है। सीएम योगी ने सोमवार को इस फोरलेन के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ अधिकारियों से इसकी अद्यतन प्रगति को लेकर समीक्षा भी। उल्लेखनीय है कि 4 नवंबर को मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में सिक्सलेन फ्लाईओवर, विरासत गलियारा और जगेसर पासी-हड़हवा फाटक-एचएन सिंह चौराहा टूलेन/फोरलेन सड़क के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया था। सोमवार शाम एसएसएफ की दूसरी वाहिनी के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद सीएम योगी बालापार-टिकरिया-गांगी बाजार फोरलेन सड़क के निर्माण का हाल जानने पहुंचे। उन्होंने कुल सड़क की आधी दूरी तक चार स्थानों पर रुककर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इस फोरलेन सड़क परियोजना के ड्राइंग मैप का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से जानकारी ली। अफसरों ने बताया कि इसका निर्माण अगस्त 2026 तक पूरा किया जाना है। इस पर मुख्यमंत्री ने जून 2026 तक लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए और कहा कि गुणवत्ता के साथ काम तेज करने के लिए मैनपॉवर बढ़ाया जाए। सीएम को बताया गया कि फोरलेन के समानांतर कुल दूरी में से 7 किमी तक नाला भी बना लिया गया है। मुख्यमंत्री ने नाले के लेवल को सड़क के पानी और आसपास के गांवों के पानी को निकासी योग्य बनाने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान सीएम योगी ने फोरलेन सड़क के लिए अधिग्रहित जमीनों के सापेक्ष मुआवजा वितरण के बारे में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि लगभग सभी लोगों को मुआवजा दिया जा चुका है। उन्होंने रजिस्ट्री की भी अद्यतन जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह सहित प्रशासन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। फोरलेन सड़क की सौगात मिलने से उत्साहित बालापार, टिकरिया, जीतपुर सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोग सोमवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वागत को उमड़ पड़े। फोरलन निरीक्षण के दौरान लोगों ने गगनभेदी जयकारे बीच कई जगहों पर सीएम योगी का फूल बरसाकर अभिनंदन किया। तीन स्थानों पर तो स्वागत का नयनाभिराम नजारा दिखा। यहां बुलडोजर पर खड़े होकर लोगों ने मुख्यमंत्री पर पुष्प वर्षा की। स्वागत के दौरान सीएम ने मुस्कुराकर सबका अभिवादन स्वीकार किया।

वहीं गोरखपुर। पुलिसिंग को अत्याधुनिक बनाने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला की सौगात देंगे। वह मंगलवार (18 नवंबर) को गोरखपुर में शास्त्री चौक के समीप, जिला अस्पताल रोड पर 72.78 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के नवीन उच्चीकृत भवन का लोकार्पण करेंगे। अब यह प्रयोगशाला बी श्रेणी से अपग्रेड होकर ए श्रेणी की हो गई है। लोकार्पण का समारोह पूर्वाह्न 11 बजे से होगा।

गोरखपुर में स्थापित क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के भवन को उच्चीकृत कर छह मंजिला बनाया गया है। इसके साथ ही अब यहां फोरेंसिक जांच सुविधाओं का विस्तार हो जाएगा। उच्चीकृत लैब की बिल्डिंग में लैपटॉप, मोबाइल, सीसीटीवी के डाटा स्टोरेज की रिकवरी के साथ आवाज संबंधी फोरेंसिक जांच भी होगी। आग्नेय अस्त्र और विस्फोटक पदार्थों की जांच की भी मॉडर्न सुविधा उपलब्ध होगी।

## सीएमई का उद्देश्य मरीज की बेहतर सेवा की दिशा में कदम बढ़ाना : फादर डॉ संतोष

चरगांवा, गोरखपुर। फातिमा हॉस्पिटल द्वारा शहर के एक पांच सितारा होटल में सीएमई स्पेक्ट्रम ए जर्नी थ्रु डाइवर्स मेडिकल होरिजोंसर विषयक चिकित्सा जगत का एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विशेषज्ञों ने चिकित्सा क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान व मरीज की सेवा पर विस्तार से चर्चा किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि महापौर डा मंगलेश श्रीवास्तव, मेडिकल प्राचार्य डा रामकुमार व सीएमओ राजेश झा तथा हॉस्पिटल के निदेशक फादर डॉ. सन्तोष सेबास्टियन ने किया। तथा कहा कि सीएमई का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में अनुभव, शोध और व्यावहारिक ज्ञान का साझा आदान-प्रदान कर बेहतर मरीज-सेवा की दिशा में कदम बढ़ाना है। मुख्य अतिथि डॉ. मंगलेश कुमार श्रीवास्तव (मेयर) ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि फातिमा हॉस्पिटल द्वारा चिकित्सकीय उन्नति और जन-स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य सराहनीय है। सीएमओ राजेश झा ने इसे गोरखपुर के स्वास्थ्य तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।


## अयोध्या पर विवादित पोस्ट पर विवादित ढांचे पर पोस्ट, युवक गिरफ्तार

इटावा। अयोध्या में पूर्व में रहे विवादित ढांचे की फोटो पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर शहर के एक युवक को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी से पुलिस की पूछताछ जारी है। शुक्रवार को शहर के एआरटीओ कॉलोनी निवासी दानिश ने व्हाट्सप्प पर विवादित ढांचे की फोटो पोस्ट कर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। कुछ ही देर में उसका स्क्रीनशॉट इंटरनेट मीडिया पर तेजी से फैल गया और शहर में हलचल मच गई। पोस्ट पर एक हिंदू संगठन ने कड़ी नाराजगी जताई और मुख्यमंत्री से लेकर पुलिस प्रशासन तक लगातार शिकायतें भेजीं। इसके बाद पुलिस ने युवक को खोजने के लिए टीमें लगाईं। शनिवार की दोपहर हिंदू सेवा समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा संगठन के कार्यकताओं के साथ सिविल लाइंस थाने पहुंचे है ।

## धान साफ करने जा रही थ्रेशर मशीन पलटी

### जुड़वा भाइयों में एक की मौत, चार घायल

इकदिल, इटावा। क्षेत्र में धान साफ करने जा रही एक ट्रैक्टर मशीन अनियंत्रित होकर डीएफसी रेलवे लाइन पुल के नीचे पलट गई। इस दुर्घटना में बड़ा भाई समेत चार बच्चे घायल जबकि छोटे भाई की दबकर मौत हो गई। गांव इंधौआ के रहने वाले अरविंद कुमार का 13 वर्षीय बेटा कुश और उसका बड़ा भाई लव सोमवार सुबह गांव के ट्रैक्टर धान कटाई थ्रेसर मशीन पर मजदूरी करने के लिए जा रहे थे साथ मे खेत मालिक के दो बच्चों समेत मशीन पर पांच बच्चे बैठे हुए थे। तभी इंधौआ और जखोली मार्ग के बीच निकली डीएफसी रेलवे लाइन पुल पार करते समय उसके नीचे ट्रैक्टर में जुड़ी धान साफ करने वाली थ्रेसर मशीन की हिच टूट जाने से ट्रैक्टर थ्रेसर अनियंत्रित होकर पुल के नीचे पलट जाने से हड़कंप मंच गया। थ्रेसर मशीन के नीचे दबे दो जुड़वां भाइयों समेत पांच किशोर में चीखपुकार मंच गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास खेतों में काम करे किसान दौड़कर पहुंचे उन्होंने थ्रेसर मशीन को उठाने को बहुत जोर लगाया लेकिन उठा नही सके। ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और थ्रेसर मशीन के नीचे दबे सभी बच्चों को बाहर निकल वाया लेकिन ज्यादा देर दबे रहने से 13 वर्षीय किशर कुश की घटनास्थल पर ही मौत हो गए जबिक उसका 13 वर्षीय जुड़वा भाई लव और आकाश (12) उसका भाई रोहित (12) पुत्र राजवीर के साथ शिवा (15) पुत्र विपन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल भिजवाया। बताया गया कि गांव के डब्बल सिंह के धान सफाई के लिए गांव का ट्रैक्टर जा रहा था धान सफाई के दौरान लव और कुश के साथ ये बच्चे बोरी पकड़ने का काम करते थे। मृतक किशोर कुश और लव जुड़वा हुए थे इस हादसे में कुश की मौत हो गई और लव अस्पताल में भर्ती है। और कक्षा छः में पड़ता था, मृतक का पिता मजदूरी करके बच्चों की परवरिश करता है। उसकी मौत के बाद उसकी बड़ी बहन प्रतीक्षा और दिपांशु, लव के साथ मां गुलाबश्री समेत परिजनों का रोरोकर हाल बेहाल हुआ जा रहा है।



## पंचायत घर से चोरों ने कीमती सामान पार किया

जसवंतनगर, इटावा। हाईवे स्थित मलाजनी पंचायत घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर गांव में सनसनी फैला दी। चोरों ने पंचायत घर से करीब दो लाख रुपये मूल्य का कीमती सामान पार कर दिया। घटना का खुलासा सुबह उस समय हुआ, जब पंचायत सहायक सचिन कुमार रोज की तरह लगभग 9.50 बजे पंचायत घर पहुंचे। बाहर के ताले सामान्य रूप से लगे हुए थे, लेकिन अंदर सभी कमरों के टूटे ताले देखकर वह हैरान रह गए। सूचना मिलते ही प्रधान लक्ष्मी नारायण और सचिव सुमित मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि चोर कूलर किट, दो पंखे, प्रिंटर, लैपटॉप, बैटरी, इनवर्टर, सोलर प्लेटें, कैमरा डीवीआर, स्टेशनरी सामग्री, लाउडस्पीकर और कई जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए हैं। पंचायत घर में रखे ये उपकरण कई सरकारी योजनाओं और कार्यों से जुड़े होने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी और दहशत का माहौल है। प्रधान ने तत्काल घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी और शीघ्र कार्रवाई की मांग की। पुलिस टीम ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

## भंडारे का सैंपल लेंने पर बबाल, अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली



इटावा। रामलीला मैदान में चल रहे पीताम्बरा महायज्ञ भंडारे के अवसर पर उस समय बबाल हो गया जब फूड विभाग के अधिकारी श्रीमती गायत्री और मृत्युंजय कुमार ने प्रसाद का सैम्पल लिया, इस पर यज्ञ के व्यवस्थापकों और फूड अधिकारियों के मध्य वाद-विवाद होने लगा अधिकारियों का कहना था कि इतनी बड़ी व्यवस्था में सरकारी आदेश के अनुसार उनकी यहां ड्यूटी लगी है जिससे कोई फूड पोईजिनिग जैसा कोई हादसा न हो देश के अन्य राज्यों कुछ घटनाएं हुई हैं इस लिए सतर्कता के तहत वे यहां आये थे, उन्होंने आदेश की कापी भी दिखाई जो फाड़ दी गई। परंतु व्यवस्थापकों का कहना था कि ये सनातन धर्म का अपमान है, ये लोग हम लोगों को बिना बताए रसोई में घुस कर सैंपल लेने लगे। सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सीओ सिटी अभय नारायण राय, मुख्य खाद्य अधिकारी राजेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल आलोक दीक्षित मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों के मध्य बातचीत कर स्थिति को संभाला।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज

इकदिल, इटावा। मेरा युवा भारत केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकास खण्ड बढ़पुरा की ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 नबम्बर दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे से कंपोजिट विद्यालय इकदिल में किया जायेगा। मेरा युवा भारत केंद्र इटावा की जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा के निर्देशन में वालीबॉल प्रतियोगिता, कबड्डी, दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद, बेडमिंटन सहित सामूहिक खेल, एकल खेल का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ.सुशील सम्राट ने बताया कि जो भी प्रतिभागी उक्त खेल कूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहते हैं वह समय से उपस्थित होकर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 17.05.1984 दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरी सही जन्मतिथि 25.01.1992 दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरी सही जन्मतिथि 25.01.1992 ही दर्ज की जाए। **सुनील शाही पुत्र श्री मारकण्डेय शाही नि.- ग्राम गेरूआखोर पो. करवल उर्फ मझगावां, जिला गोरखपुर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं मो. शफीक पुत्र श्री मो. अय्यूब 180 बी मिरदही टोला सीतापुर तह. व जिला सीतापुर का निवासी हूँ। मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAFIQ व MOHD. SHAFIQUE ANSARI व MOHAMMAD SHAFIQ ANSARI से बदल कर MOHAMMAD SHAFEEQ कर दिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD SHAFEEQ नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं महेर बानो पत्नी श्री मो. शफीक 180 बी मिरदही टोला सीतापुर तह. व जिला सीतापुर की निवासिनी हूँ। मैंने अपना नाम MAHER BANO व MEHER BANO से बदल कर MEHAR BANO कर दिया है। भविष्य में मुझे MEHAR BANO नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र के स्कूली अधिलेखों में उसका नाम आरूष भार्गव दर्ज है जबकि मैने उसका नाम बदलकर आरूष रख लिया है। मेरे पुत्र के सभी अभिलेखों में उसका नाम आरूष ही लिखा, पढ़ा व जाना जाये। **पंकज कुमार पुत्र श्री छोटेलाल नि.- ए/515 मो. आवास विकास कालोनी, सीतापुर।**

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी पुत्री शाफिया रिजवान (SHAFIYA RIZWAZ) के विद्यालय अभिलेखों में नाम शाफिया रिजवान (SHAFIA RIZWAZ) दर्ज है जो गलत है। जब कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में (SHAFIYA RIZWAN) शाफिया रिजवान है। अतः अब मेरी पुत्री के समस्त अभिलेखो में उसका नाम (SHAFIYA RIZWAN) शाफिया रिजवान पढ़ा व समझा जाये। **रिजवान खान पिता शाफिया रिजवान (SHAFIYA RIZWAN) मो. सदर बाजार, तहासील व जिला सीतापुर। पिन कोड 261001 (उ.प्र.)।**

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी पुत्री शाहनिफा रिजवान (SHAHNIFA RIZWAZ) के विद्यालय अभिलेखों में नाम शाहनिफा रिजवान (SHAHNIFA RIZWAZ) दर्ज है जो गलत है। जब कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में (SHANIFA RIZWAN) शाहनिफा रिजवान है। अतः अब मेरी पुत्री के समस्त अभिलेखो में उसका नाम (SHANIFA RIZWAN) शाहनिफा रिजवान पढा व समझा जाये। **रिजवान खान पिता शाहनिफा रिजवान (SHANIFA RIZWAN) मो. सदर बाजार, तहासील व जिला सीतापुर। पिन कोड 261001 (उ.प्र.)।**

**न्यायालय सूचना**

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय**
**कादीपुर सुलतानपुर**
**ता. पेशी- 16.12.2025**
**वाद सं. 576/200504680478**

देव नारायन

**बनाम**

श्रीराम
1. दयाराम पुत्र श्रीराम
2. आत्माराम पुत्र श्रीराम
3. राम नयन पुत्र राम कलप
4. अशोक पुत्र सत्यदेव
5. विनोद पुत्र जनार्दन
6. राजितराम पुत्र राजदेव
7. प्रदीप कुमार मुन्ना पुत्र राम तेज
8. अनिल कुमार पुत्र राम तेज
9. बृजरानी बेवा राम तेज

समस्त नि.- ग्रा. कोटिया परगना-अल्देमऊ तह-कादीपुर, सुलतानपुर उ.प्र.

चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएवं आपकी एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए दिनांक 16.12.2025 के दिवस को पूर्वांन्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 16.11.2025 के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि.ख.- मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-17.11.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-हमजाबाद, विकासखंड मोतिगरपुर में राजयवित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक- 17.11.2025 से 22.11.2025 के अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 22.11.2025 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | कंपोजिट विद्यालय हमजाबाद की बाउंड्रीवाल पेंटिंग एंव बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य। | 2,47,600 रुपये। | ईंट, मोरंग, गिट्टी, बालू, पेंट व अन्य सामाग्री। |

**नोट**- सभी शर्ते व नियम लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- हमजाबाद, वि.ख.- मोतिगरपुर**
**जनपद-सुलतानपुर।**

संक्षेप

## चेकिंग अभियान में 176 का चालान, 5 वाहन सीज

देवरिया। पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी देवरिया श्री गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु "यातायात माह - नवम्बर 2025" के तहत अभियान चलाकर बिना हेलमेट, गलत नंबर प्लेट एवं तीन सवारी वाहन पर स्टंट करने वालों, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले अनुबंधित बस, ऑटो एवं ई-रिक्शा आदि वाहनों के विरुद्ध एम.वी. एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी तथा प्रेस्टीज इंटर कॉलेज गोरखपुर रोड देवरिया में छात्रों को यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 176 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 05 वाहनों को सीज किया गया दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है।

# जागृति यात्रा आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम



**देवरिया।** जागृति यात्रा के संस्थापक व देवरिया लोकसभा क्षेत्र से सांसद शशांक मणि ने कहा कि विश्व की सबसे प्रतिष्ठित युवा उद्यमियों की यात्रा आज अपने मूल उद्देश्यों के साथ देवरिया पहुंच चुकी है। आत्मनिर्भर भारत की थीम के साथ जागृति यात्रा का यह 18वां संस्करण है, जो स्वावलंबी भारत अभियान की कड़ी में, देवरिया लोकसभा के युवाओं के लिए समर्पित है। यह यात्रा देश के साथ-साथ अपने क्षेत्र में उद्यमशीलता की भावना को जागृत करती है। आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है कि स्वावलंबी भारत अभियान में कदम से कदम मिलाकर चलने वाला जागृति उद्यम केंद्र-पूर्वांचल अब गोरख पुर के 10 जिलों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है, जो देवरिया-कुशीनगर के साथ गोरखपुर, संतकबीरनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, आजमगढ़, मऊ और बलिया में सेवाएं दे रहा है।

यह यात्रा बिना रुके अनवरत चल रही है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देवरिया लोकसभा के साथ देश के युवाओं को आत्मनिर्भर मार्ग की ओर प्रोत्साहित करना है। लगभग 8,500 कि.मी. की यात्रा की ऊर्जा लेकर 525 युवा उद्यमी देवरिया-कुशीनगर का अवलोकन करते हैं और बरगद से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के लिए कुछ करने का संकल्प लेते हैं।

इन युवा उद्यमियों में 190 महिलाएँ हैं, ये युवा देश के लगभग 28 राज्यों से आते हैं, इस बार की यात्रा में पूर्वांचल से भी कई युवा प्रतिभागी बने हैं। यह यात्रा मुंबई, हुबली, कोच्चि, मदुरै, श्रीहरिकोटा (इसरो लॉन्च केंद्र), विशाखापत्तनम, बहरामपुर, नालंदा होते हुए देवरिया पहुंची है। कल ये दिल्ली जाएंगे जहां पहली बार यात्री संसद (पार्लियामेंट) को देखेंगे। इसके बाद यात्रा जयपुर होते हुए साबरमती आश्रम में आखिरी पड़ाव होकर, मुंबई वापस जाएगी।जागृति मूवमेंट के संस्थापक शशांक मणि ने कहा ह्रआदरणीय प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान पर इस वर्ष जागृति यात्रा को आत्मनिर्भर भारत के अभियान से जोड़ दिया गया है। यह यात्रा और इसके यात्री देश को संदेश दे रहे हैं कि स्वावलंबन से ही एक सशक्त आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था का निर्माण हो सकता है, जो विकसित भारत को गति देगाह्व।जागृति के सीईओ आशुतोष कुमार ने कहा कि इस वर्ष की यात्रा का विषय है – ह्रआत्मनिर्भर भारत की ओरह्व। यह एक अनूठी 15 दिवसीय यात्रा है जो 8,000 किलोमीटर का देशव्यापी सफर करती है और इसमें 68,000 आवेदकों में से चुने गए 525 युवा यात्री शामिल हैं। मुंबई से 7 नवंबर को प्रारंभ हुई यह यात्रा देश के 12 प्रमुख पड़ाव – हुबली, कोच्चि, मदुरै, चेन्नई, विशाखापट्टनम, गंजम, नालंदा, देवरिया, नई दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद होते हुए 22 नवंबर को मुंबई में समापन करेगी। हर पड़ाव पर यात्री देश के रोल मॉडल उद्यमों और जमीनी नवाचारों से रूबरू होंगे।

उन्होंने कहा कि देवरिया जागृति आंदोलन की जन्मभूमि है, इसलिए इस मुकाम का भावनात्मक और वैचारिक महत्व अत्यधिक है। यहीं से ह्रहम ही भारत, हम ही बदलावह्व की भावना को आकार मिला। यही वह भूमि है जहाँ से उद्यम-आधारित विकास का विचार फैला और जहां से हजारों युवाओं ने परिवर्तन की राह पकड़ी।अठारह संस्करणों में जागृति यात्रा ने 26 देशों से 9,000 से अधिक युवाओं को जोड़कर एक जीवंत नेटवर्क तैयार किया है, जिनमें से 60 प्रतिशत गैर-शहरी क्षेत्रों से और 45 प्रतिशत महिलाएं हैं। लगभग 28 प्रतिशत यात्रियों ने हेल्थकेयर, शिक्षा, एग्रीटेक, फिनटेक, और सस्टेनेबिलिटी जैसे क्षेत्रों में उद्यम स्थापित किए हैं ह्रयह यात्रा छोटे शहरों और ज़िलों से आ रहे युवाओं को उद्यमिता के जरिए स्वावलंबन की दिशा में ले जाने के मिशन पर है। रोल मॉडल उद्यम, समुदाय के बदलावकर्ता और ज्ञान की जगह से जुड़कर ये युवा रोजगार, समाधान और अवसर पैदा करने वाले नवप्रवर्तनकर्ताओं के रूप में उभरते हैं।

**यात्रा के प्रमुख सहयोगी**

इस वर्ष की जागृति यात्रा को एचडीएफसी म्यूचुअल फंड के इन्वेस्टर एजुकेशन एंड अवेयरनेस इनिशिएटिव का सहयोग प्राप्त है, जो उद्यम, शिक्षा और वित्तीय साक्षरता के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## एनसीसी कैम्प में कैडेट्स ने लिए बाधा दौड़ और सुरक्षा उपायों का प्रशिक्षण



**कुशीनगर।** उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे एनसीसी प्रशिक्षण शिविर संख्या 168 के छठवें दिन कैडेट्स के लिए बाधा दौड़ का प्रभावी और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कैडेट्स में शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता और टीमवर्क की भावना को विकसित करना था।

प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स ने बैलेन्स बीम, जंपिंग पिट, रन सहित विभिन्न बाधाओं को पार किया। प्रशिक्षकों ने कैडेट्स को प्रत्येक गतिविधि की तकनीक और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कैम्प कमांडेंट कर्नल हरिश चंद के अनुसार इस प्रकार का प्रशिक्षण युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए तैयार करता है। कैडेट्स ने भी बाधा दौड़ प्रशिक्षण को रोमांचक और उपयोगी बताया। इस दौरान डिप्टी कमांडेंट कैप्टन वीपी मिश्रा, रिसालदार मेजर हरजीत सिंह, एएनओ लेफ्टिनेंट नरेंद्र त्रिपाठी, थर्ड ऑफिसर एक पांडे, सूबेदार त्रिलोक सिंह, सूबेदार संजय कुमार, सूबेदार संतोष कुमार, हवलदार कुलदीप सिंह, हवलदार करनप्रीत सिंह हवलदार सर्वजीत सिंह हवलदार गोविंद सिंह, हवलदार रमेश लामा हवलदार मन बहादुर थापा, हवलदार निर्मल सरु, हवलदार थिनिल्स दोरजे अन्य पी आई स्टाफ एवम्‌-बटालियन के अन्य सिविल स्टाफ लल्लन सिंह, विनोद तिवारी, मु अशरफ, राजेश गौतम, मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री अजीत सिंह राष्ट्रीय लोकदल का पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर जतायी खुशी



*कुशीनगर।* मथुरा जनपद के कोसीकलां में राष्ट्रीय लोकदल के आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर रालोद जनपद इकाई से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने खुशी जताया है।रालोद के प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय ने कहा कि रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी के नेतृत्व में किसानों और आम जन के हित में कार्य कर रही है। केंद्र में पीएम मोदी की सरकार द्वारा हर वर्ग को सम्मान और अधिकार दिए जा रहे हैं तथा महिलाओं सहित सबके कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और लोकदल के संस्थापक चौधरी चरण सिंह व स्व. अजित सिंह के राष्ट्र निर्माण के सपनो को राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी पूरा कर रहे हैं। जनपद के गांव गांव पार्टी को मजबूत बनाया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भगवान दयाल विश्वकर्मा, प्रमोद सिंह विशेन, सीताराम मौर्या, डॉ सीपी निगम, युवा नेता कुलदीप कुमार, श्रीजेश यादव, विशेश्वर निगम, भोला प्रसाद आदि में खुशी व्यक्त किया।

# पत्रकारों को अपनी भूमिका का निर्माण करना होगा




**देवरिया।** आज की विषम परिस्थितियों में पत्रकारों को सजग होकर अपनी भूमिका का निर्माण करना होगा।वर्तमान समय मे राष्ट्र व समाज के हर क्षेत्र में उथल पुथल सी मची है। निर्धारित भूमिकाएं , मानक,स्वरूप तेजी से बदल रही हैं और पत्रकारिता भी इससे अछूती नही है।उक्त बातें प्रो अनिल कुमार उपाध्ययाय पूर्व विभागाध्यक्ष पत्रकारिता एवम जनसंचार काशी विद्यापीठ ने रविवार कोजिला मुख्यालय पर जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जनपदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने ग्रामीण पत्रकारिता और चुनौती विषयक गोष्ठी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आंचलिक पत्रकार ही असली पत्रकार है ।ग्रामीण पत्रकारों की जिम्मेदारी शहरी पत्रकारों से अधिक है क्योंकि वह उन्ही परिस्थितियों, समस्याओं और कठिन चुनौतियों के बीच रहता है जिसमें ग्रामीण जनता रहती है ।ग्रामीण स्तर के

**● ग्रापए का लीला सम्मेलन सम्पन्न**

विकास के कार्यों का सही चित्रण ग्रामीण पत्रकार ही करते हैं ,विसंगतियों को उजागर करते हैं जब तक गांव आत्मनिर्भर नहीं होंगे तब तक देश में देश का भी विकास नहीं होगा । जिलाध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता को सम्मान दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष होगा। पत्रकारिता की चुनौतियों को संगठन समझ रहा है। उसके लिए व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है। ग्रामीण पत्रकारों को सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष के तीसरे चरण में प्रदेश के 80 लोकसभा सांसदों व 403 विधायकों को ज्ञापन देने की तैयारी की जा रही है। 18 नवंबर से 18 दिसंबर तक प्रदेश में सदस्यता अभियान चलेगा। 24 दिसंबर तक प्रदेश की सभी तहसील इकाइयों का पुनर्गठन कर लिया जाएगा।

प्रधानाचार्य डा.अजय मणि त्रिपाठी ने पत्रकारिता की चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

प्रदेश महामंत्री संजय द्विवेदी ने कहा लोग आप पर विश्वास करते हैं इसलिए खबरों की विश्वसनीयता पर विशेष ध्यान दें। पत्रकारिता में सच को जिंदा रखना ग्रामीण पत्रकारों का सच्चा धर्म और जिम्मेदारी है। प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जिलों व 351 तहसील इकाइयों के पुनर्गठन की कार्रवाई को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संगठन को व्यवस्थित रूप प्रदान करने के लिए डिजिटल ऐप का निर्माण कराया जा रहा है। आने वाले समय में संगठन की सारी सूचनाओं ऑनलाइन पटल पर उपलब्ध रहेंगी। संगठन में काम करने वाले लोगों को ही तरजीह दिया जाएगा।

सम्मेलन में अश्वनी द्विवेदी ने संगठन के क्रिया कलापों ,सक्रियता ,उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सम्मेलन को जिला पंचायत अध्यक्ष पं गिरीशचन्द्र त्रिपाठी , प्रदेश प्रभारी डॉ के एन राय , हरिद्वार राय जिलाध्यक्ष मऊ ,प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह , समेत बरहज, सलेमपुर, भाटपार रानी रूद्रपुर, देवरिया सदर के तहसील अध्यक्ष ने भी अपनी विचार रखा । इसके सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रोसेसर अनिल कुमार प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह प्रदेश प्रभारी डॉक्टर के एन राय भाइयों विद्या पत्रकार जगदीश नारायण श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# अस्मिता एथलेटिक लीग बेटियों को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का मजबूत साधन बनेगी: अजय

**कुशीनगर।** सोमवार को पडरौना स्थित जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में अस्मिता खेलों इंडिया खेल महिला एथलेटिक्स लीग का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर करते हुए उत्तर प्रदेश हाकी संघ के उपाध्यक्ष व पूर्व आरटीओ अजय त्रिपाठी ने कहा कि खेल बेटियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और आगे बढ़ने की ऊर्जा देता है। अस्मिता लीग जैसी खेल हमारी प्रतिभाशाली बेटियों को उनके सपनों तक पहुंचाने का सशक्त मंच साबित होंगी। कुशीनगर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव शुभम त्रिपाठी ने बताया कि यह आयोजन दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. ललित भनोट, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से पूरे देश में किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाना और कम उम्र में ही प्रतिभाओं को पहचानना इस लीग का मुख्य उद्देश्य है। कुशीनगर में यह आयोजन पहली बार हो रहा है, जिससे जिले की बेटियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सुनहरा अवसर मिलेगा।अंडर-16 वर्ग की प्रतियोगिता 600 मीटर दौड़ में प्रथम गीता यादव, द्वितीय दीपीका, तृतीय शालिनी गुप्ता रहीं। भाला क्षेपण में प्रथम काजल कुमारी, द्वितीय गरिमा सिंह, तृतीय अस्मिता यादव रही।गोला क्षेपण में प्रथम सुनंदा यादव, द्वितीय रुची सिंह तथा तृतीय लवली सिंह रही। लम्बी कूद में प्रथम विंध्यवासिनी, द्वितीय रानी यादव तथा तृतीय खुशी रावत रहीं।हाई जम्प में रीतू यादव अव्वल रहीं।अंडर 14 में600 मीटर लम्बी कूद में प्रथम हर्षिता, द्वितीय स्थान संजीदा खातून तृतीय सत्या गिरी रहीं।ग्रुप बी में प्रथम प्रीति यादव, द्वितीय सुगंधा कुमारी तथा तृतीय आलिया फिरोज रहीं।खिलाड़ियों ने विभिन्न एथलेटिक्स स्पधाओं में प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों को आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाणपत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य था।दौड़ स्पधाएँ जेपी रावत, जवाहर प्रसाद गौड़, अनिल मिश्रा, सुनील प्रजापति, मदन यादव, दुर्गावती, पंकज पटेल, संदीप वर्मा, संदीप पासवान एवं अम्बरीश यादव की देखरेख में सम्पन्न हुईं। भाला क्षेपण इंद्रजीत साहनी, पंकज सैनी, चंदन यादव और विजय की तकनीकी निगरानी में आयोजित हुआ।इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी रबि निषाद, एआरटीओ मो. अजीम, जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द मणि त्रिपाठी, डा.रामानुज पांडेय, टी.एन.राय, शिवशंकर तिवारी, मजिबुल्लाह राही, गणेश त्रिपाठी, गुड्डू सिंह, पंकज ओझा, पिन्टू सिंह, गुड्डू चौहान, कविंद्र सिंह, चंदन दूबे, शफीकुरहमान ऊर्फ दरोगा मौजूद रहे।

**● जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम कुशीनगर में अस्मिता खेलो इंडिया महिला एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ**




# सांसद विधायक विधानसभा स्तरीय खेल स्पर्धा संपन्न

**देवरिया।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में दिनांक 17 नवंबर को विधान सभा रुद्रपुर के सतासी इंटर कॉलेज देवरिया में सांसद/विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सासंद कमलेश पासवान और विशिष्ट अतिथि माननीय विधायक जय प्रकाश निषाद द्वारा फीता काटकर किया गया ।मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भारत सरकार कमलेश पासवान ने सभी एथलीटों व खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि भारत सरकार और प्रदेश सरकार खेल के क्षेत्र में युवाओं का उत्साह वर्धन कर रही है। भारत सरकार ने खेल के क्षेत्र में बजट का भी आवंटन भी बढ़ाया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को उचित मंच मिल सके। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री विधायक जयप्रकाश निषाद ने कुश्ती कबड्डी वॉलीबॉल के खिलाड़ियों का हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ कराया। उन्होंने इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों को खेल में देश का नाम रोशन करने की बात रखी।प्रतियोगिता के विजेताओं में1500 मीटर दौड़ सीनियर बालक में रितेश कुमार निषाद प्रथम, 1500 मीटर जुनियर सनी कुमार यादव यादव प्रथम ,800 मीटर सब जुनियर में शैलेन्द्र प्रथम ,400 मीटर सीनियर में निकेश यादव प्रथम ,400 मीटर जूनियर में द्वारकानंद प्रथम, 200 मीटर सीनियर बालिका में ज्योति राजभर प्रथम, 100 मीटर जूनियर बालिका में वर्षा सिंह प्रथम, 100 मीटर बालक सबजूनियर दौड़ में सूरज पासवान प्रथम ,800मीटर दौड़ जूनियर बालिका में प्रथम प्रियंका प्रथम, 100 मीटर सब जूनियर बालक सूरज पासवान,100 मीटर सीनियर बालक में मिथुन विश्वास प्रथम, गोला क्षेपण महिला जुनियर में प्रियंका प्रथम ,गोला क्षेपन सीनियर में नेहा यादव प्रथम ,लॉन्ग जंप में सोनी गुप्ता व ज्योति प्रथम ,जैवलिन सिनियर/जुनियर में शालू विश्वकर्मा व प्रियंका प्रथम डिस्कस थ्रो में प्रथम अजीत सिंह वॉलीबॉल में विजेता सीनियर वर्ग में बालक मढ़ौरा विजेता ,वालीबॉल बालिका में वर्दगोनीयाकबड्डी बालक सबजूनियर वर्ग में इंदुपुर विजेता उपविजेता संत जेवियर की टीम रहीकबड्डी बालिका में वर्दगोनीया की टीम प्रथम रही। प्रतियोगिता के समापन पर माननीय विधायक द्वारा प्रतिभागियों को मेडल, सर्टिफिकेट, ट्रॉफी और टी शर्ट देकर उनका उत्साह वर्धन तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय सिंह, उदयभान सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि राम सुधारे पासवान , पूर्व प्रमुख सुनील पासवान, रमेश सिंहउप जिलाधिकारी हरिशंकर लाल, खंड विकास अधिकारी एजाज अहमद, क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव सहित प्रतियोगिता में मौजूद रहे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नीरज मिश्रा ,निखिल,संतोष, आशीष अर्जुन , खेल प्रतियोगिता केभी संचालन में शिवम पाण्डेय मौजूद रहे। इस दौरान सहयोग में बेसिक शिक्षा के खेल अनुदेशक मंगल दल के सदस्य देवानंद, राहुल मल्ल, शिवम पाण्डेय, विकास यादव आदि लोग मौजूद रहे

**खेल और खिलाड़ियों के लिए भारत सरकार बजट का आवंटन बढ़ाया है: कमलेश पासवान**




## संपत्ति मूल्यांकन दर समीक्षा बैठक सम्पन्न, डीएम ने अंतिम सूची शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए




**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में संपत्ति मूल्यांकन दर संबंधी आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

प्रस्तावित मूल्यांकन दर सूची पर आम जनता द्वारा सुझाव/आपत्ति जिलाधिकारी /अपर जिलाधिकारी / सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, कुशीनगर एवं समस्त उपनिबन्धक, जनपद कुशीनगर के कार्यालय में प्राप्त कराये गये, जिसके अंतर्गत तहसील पड़रौना सदर से कुल 04 तहसील तमकुहीराज से 02 व तहसील कसया, हाटा, कप्तानगंज तथा तहसील खड्डा से कुल एक-एक आपत्यिां प्राप्त हुयी थी, जिनके निस्तारण हेतु बैठक दौरान आपत्तिकर्तागण को उनकी आपत्तियों के सम्बन्ध में सुना गया। जिलाधिकारी द्वारा स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग को निर्देशित किया गया कि प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण बैठक में निर्गत किये गये आदेश के क्रम में करे तथा अंतिम मूल्यांकन दर सूची में अधिकाधिक आपत्तियों को समाहित करते हुए अंतिम मूल्यांकन दर सूची यथाशीघ्र प्रभावी कराना सुनिश्चित करें। बैठक दौरान सहायक महानिरीक्षक निबंधन बीएस वर्मा, सहित सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता अभियान आयोजित



देवरिया राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं मा0 अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, देवरिया श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा पूरवा मेहड़ा स्थित वृद्धा आश्रम में वृद्ध जनों के हितो के संरक्षण हेतु विधिक जागरूकता/साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, द्वारा बुजुर्गों को उनके विधिक अधिकार के बारे मे विस्तार से बताया गया उन्होंने कहा कि वरिष्ठ जन का अनुभव प्राप्त कर आप अपने प्रगति के मार्ग को प्रशस्त कर सकते हैं वृद्धा आश्रम में न्यायाधीश के द्वारा संवासियों से मुलाकात कर उनके खाने-पीने और रहन-सहन के बारें में विस्तार से जानकारी ली गयी। इस दौरान सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, द्वारा ललकू, रामनैन, तेतरी देवी, रमेश्वर रामेश्वर, मोतीसरा व अन्य वृद्धों की समस्याओं को सुना गया तथा इससे संबंधित को समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित भी किया गया।

## छात्रों को यातायात, साइबर क्राइम की दी जानकारी

**बांदा।** शहर के सेंट मैरीज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में व्यापक यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की अध्यक्षता, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर यातायात मेविस टॉक के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव के साथ-साथ सम्बन्धित विभिन्न कानूनों एवं सहायता नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि यह मानव जीवन सुरक्षा से जुड़ा सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में ड्राइविंग न करने, सड़क परकरने, वाहन के वैध दस्तावेज साथ रखने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रुप से यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया गया ।

# डीएम ने की 50 लाख से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की उपस्थित में आज कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति, निर्धारित समय सीमा एवं व्यय की स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया गया। डीएम ने कुल योजनाओं में अब तक कितने पूर्ण हुए तथा हैंडओवर किए गए, कितने पूर्ण हैं परंतु हैंड ओवर नहीं हुए, तथा अवशेष लंबित योजनाओं की कार्यदाई संस्थावार समीक्षा कर निर्धारित तिथि तक परियोजनाओं को पूर्ण किए जाने तथा किसी कारण बस परियोजनाओं के विलंब होने पर तिथि का एक्सटेंशन कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम द्वारा खराब प्रगति वाले कार्यों की समीक्षा अंतर्गत यूपी सीएनडीएस द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में प्रगति नहीं पाए जाने पर शो काल जारी करने एवं शासन को पत्र प्रेषित किए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।समीक्षा दौरान ए श्रेणी/बी श्रेणी/ सी श्रेणी में प्रदर्शित होने वाले निर्माण कार्यों की एक एक कर समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों में मुख्य रूप से पुलिस लाइन में हॉस्टल निर्माण कार्य, रामपुर सोहरौना ताल के निर्माण कार्य,बौद्ध संग्रहालय का निर्माण कार्य, हिरण्यवती नदी के सौंदर्यीकरण का कार्य, दुर्गा मंदिर का निर्माण कार्य, नरसिंह कॉलेज निर्माण कार्य,साइबर थाने का निर्माण कार्य, पशु चिकित्सालयों के निर्माण कार्य,पावा शॉपिंग कॉम्लेक्स निर्माण कार्य,बुद्धा पार्क,नवीन थाना (पर्यटन)निर्माण कार्य सहित सभी 50 लाख से ऊपर के निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा कर तय तिथि अंतर्गत पूर्ण किए जाने हेतु सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया गया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराए जाएं, साथ ही निर्देशित किया गया कि जिन परियोजनाओं के पूर्ण होने की तिथि मार्च - अप्रैल 2026 है उसे प्रयास कर दिसंबर माह के अंत तक पूर्ण कर लिए जाएं तथा किसी भी स्थिति में कार्य में लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन कार्यों की प्रगति धीमी है, उनके भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए और जहां कार्य अपूर्ण हैं, वहां निर्माण एजेंसी की जवाबदेही तय की जाए। डीएम ने कृषि विश्व विद्यालय के निर्माण कार्यालयों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने उपरांत कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि कार्य पूर्ण होने की नियत तिथि अगस्त 2026 है तथा आगामी वित्तीय वर्ष में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। यह परियोजना मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में है। उन्होंने संबंधित को चार्ट उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिए ताकि प्रत्येक माह चार्ट के अनुरूप ही समीक्षा की जा सके। जिलाधिकारी ने समीक्षा दौरान 50 लाख से कम की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की जाएगी। बैठक में अधिशासी अभियंता (लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, जल निगम), सहित सभी कार्यदाई संस्थाओं के साथ जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।



# शिक्षा के क्षेत्र मे मुख्यमंत्री का गहरा लगाव है: रतन पाल सिंह

**भटनीदेवरिया)।** मणिनाथ इण्टरमीडिएट कालेज नोनापार के प्रांगण में श्रीमणिनाथब्रह्म के 56वी जयन्ती के अवसर पर कथा ज्ञानयज्ञ कवि सम्मेलन के साथ भव्य आयोजन कालेज प्रबन्ध समिति के पदेन सदस्य मानवेन्द्र नाथ तिवारी उर्फ गिरीधारी तिवारी ने किया इसमें विभिन्न क्षेत्र से मुख्य अतिथि सहित एक दर्जन लोगो को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर मानवेन्द्र नाथ तिवारी उर्फ गिरीधारी तिवारी ने सम्मानित किया ।इससे पूर्व मुख्य अतिथि विधानसभा परिषद सदस्य डॉं रतनपाल सिंह को मणिनाथब्रम्हा के स्थान से पूजा अर्चन के बाद मंच पर आते ही वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्या की टीम ने भव्य स्वागत किया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधानफरिषद सदस्य डॉं रतनपाल सिंह ने कहा कि जिस तरह से गिरधारी तिवारी पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गेट से अंदर हमे लाये है बहुत ही अच्छा वातावरण इस विद्यालय के अन्दर मिला है। इस विद्यालय में इंटर साईन्स य कॉमर्स जैसे जो भी विषय यहाँ नही है हम उसे लाने का काम करेंगे। हम सभी जानते है कि मुख्यमंत्री जी का उत्तर प्रदेश शिक्षा से बहुत ही गहरा लगाव है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के रूप में उन्होंने ने काफी लम्बे समय तक ठीक से काम किया है। आज भी काया कल्प योजना के तहत हमारे जो भी विद्यार्थी है इनको उच्च शिक्षा योजना के तहत जोड़ने का काम हमारी सरकार कर रही है। कोरोना काल महामारी में सबसे ज्यादा हमारे स्कूल के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही थी ।

मुख्यमंत्री जी को इसकी पूरी जानकारी थी और उन्होंने ने शिक्षा पर बेहतर काम किया था उस दौरान हमारे जितने भी मेघावी छात्र छात्रायें थी उनको लैपटॉप और फोन देने का काम किया था।

हम सभी का दायित्व है कि नोनापार में बाबा मणि नाथ जी ब्रह्म विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे ले जाने का काम करेंगे ।पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने कहा कि अशिक्षा ही सभी समस्याओं एवं अपराधों की जड है ।

